चित्रकूट-पुलिस

(1). नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 09.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

(2). आज दिनाँक 09.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

(3). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी

राजापुर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में थाना सरधुवा पुलिस टीम ने जान से मारने की नियत से हमला करने वाले 02 आरोपी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

अभियुक्तों का नाम पता का विवरण-

1.सतीश पासवान

2.संदीप पासवान पुत्र गण सुन्दरलाल निवासी पिपरहटा थाना सराय़ अकिल जनपद कौशाम्बी

गिरफ्तारी का स्थान/दिनाँक/समय-

ग्राम करौधियाई मोड़ के पास से,08.08.025,22.25 बजे

संक्षिप्त विवरण-

दिनाँक 06.08.025 को वादी सुरज कुमार तिवारी पुत्र स्व० प्रमोद तिवारी नि0 ग्राम चकमलाई थाना बरसठी जनपद जौनपुर द्वारा थाना सरधुवा पर सूचना दी कि वह तीरधुमाई गंगू खण्ड सख्या- 04 बालू खदान में आई.टी. पद पर जून 2025 से कार्यरत है उसके साथ रुपेश तिवारी पुत्र सभाजीत तिवारी नि० ग्राम व पोस्ट मंगरा थाना बरसठी जनपद जौनपुर भी उसी बालू खदान में मुख्य अकाउंटेंट के पद पर मई 2025 से कार्य करते है तीरधुमाई गंगू खण्ड संख्या 04 बालू खदान में ही शंकरगढ इलाहाबाद निवासी सतीश पासवान की पोकलैण्ड मशीन बालू लोडिंग के काम में लगी हुई थी वर्तमान में तीरधुमाई गंगू खण्ड संख्या 04 की बालू डम्प बरद्वारा माइनर में लगी हुई है तथा हम दोनो लोग उसी बालू डम्प में कार्यरत है। सतीश पासवान की पोकलैण्ड मशीन द्वारा खदान चालू रहने के समय में तथा वर्तमान में डम्प के लोडिंग में बेईमानी तरीके से धनार्जन करने की नियत से अनियमितता की जाती थी जिसकी शिकायत मेरे तथा रूपेश तिवारी द्वारा खदान व डम्प मालिक पंकज शुक्ला से की गयी थी। शिकायत के बाद पंकज शुक्ला द्वारा सतीश पासवान की पोकलैण्ड मशीन को हटाकर दूसरी पोकलैण्ड मशीन को रखने के लिये स्पष्ट रूप से कहा गया था। शिकायत की बात को लेकर पोकलैण्ड मशीन के मालिक सतीश पासवान उनके भाई सन्दीप पासवान तथा खदान में चलने वाली पोकलैण्ड मशीन में काम करने वाला गुमान उर्फ गप्पू निषाद निवासी ग्राम ऐरई फतेहपुर तथा इनके साथ दो अन्य अज्ञात लोगों द्वारा उसे तथा रूपेश तिवारी के साथ दिनांक 04.08.2025 को रात में लाठी डन्डो व लोहे की रोड से जान से मारने की नियत से पीछे हमला कर घायल कर दिए। इस सूचना पर थाना सरधुवा में मु0अ0सं0 110/25 धारा 191(2),109(1), 351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा थानाध्यक्ष सरधुवा को अभियुकतों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

आज दिनाँक 09.08.025 को थाना सरधुवा पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम करौधियाई मोड़ के पास से अभियुक्त 1.सतीश पासवान 2.संदीप पासवान पुत्र गण सुन्दरलाल निवासी पिपरहटा थाना सराय़ अकिल जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-

1.उ0नि0 श्री चन्द्रमणि पाण्डेय थाना सरधुवा

2.आरक्षी जितेन्द्र प्रताप

3.आरक्षी दीपक कुमार

3.आरक्षी चालक राहुल पुरी

(4). आज दिनांक 09.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा थाना मानिकपुर अन्तर्गत ग्राम सभा सरैया के विनय नगर घाटी आदिवासी बस्ती में महिलाओं/बालिकाओं के साथ रक्षाबन्धन का पावन पर्व मनाया गया।महिलाओं/बालिकाओं से राखी बन्धवाकर मिष्ठान वितरित कर उन्हें सुरक्षा का भरोषा दिलाया एवं महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी बस्ती वासियों से कहा गया कि सभी परिवारजन अपने बच्चों को स्कूल भेजे और उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करते रहे, जब सभी बच्चे पढ़ेंगे तो एक दूसरे को देख देखकर आगे बढ़ने की प्रतिस्पर्धा बनी रहेगी।
कोई भी लड़का लड़की में भेद न समझे आज के समय में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं बालिकाओं को सशक्त कर जागरुक किया जा रहा है लड़की को एक समान समझे और उसे भी वह सभी सुविधाएं उपलब्ध कराए जो आप लोग अपने लड़के को कराने का प्रयास करते है क्योंकि बच्चों से ही मां बाप का भविष्य में नाम रोशन होगा साथ ही बच्चों को बताया कि आगे बढ़ने की कुछ करने की इच्छा शक्ति मन में रखे तभी आज के समय से बहुत अच्छे समय में आप अपना कदम रख सकेंगे बाकि आपकी सुरक्षा हमारा संकल्प चित्रकूट पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर है आपको एक भयमुक्त वातावरण देने के लिए चित्रकूट पुलिस कटिबद्ध है।
इसी दौरान प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री श्रीप्रकाश यादव,चौकी प्रभारी सरैया श्री सत्यमपति त्रिपाठी,पीआरओ श्री प्रदीप पाल,गांव समाज के संभ्रांत व्यक्ति व ग्रामवासी उपस्थित रहे।